भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2979**

**06 अगस्त, 2025 के लिए प्रश्न**

**खाद्यान्न भंडारण**

**2979. कुमारी सैलजा:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हरियाणा द्वारा केन्द्रीय खाद्यान्न भण्डारण को प्रतिवर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले गेहूँ की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य के किसानों को डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार या राज्य सरकार की जिम्मेदारी है;

(ग) हरियाणा में डीएपी की कुल वार्षिक आवश्यकता कितनी है; और

(घ) क्या किसानों को समय पर डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है और यदि हाँ, तो हरियाणा को अब तक आवंटित डीएपी उर्वरक का समय और मात्रा का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क)**: पिछले चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केंद्रीय पूल के लिए हरियाणा से खरीदे गए गेहूं की मात्रा नीचे तालिका में दी गई है:-

**(आंकड़े लाख टन में)**

| **रबी विपणन मौसम (आर एम एस)** | **खरीदे गए गेहूं की मात्रा** |
|---|---|
| 2021-22 | 84.93 |
| 2022-23 | 41.86 |
| 2023-24 | 63.17 |
| 2024-25 | 71.50 |
| 2025-26 | 71.43 |

...2/-

**(ख):** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीए और एफडब्ल्यू) द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त/उचित मात्रा में उर्वरक आबंटित करता है और उपलब्धता की निरंतर निगरानी करता है। तथापि, राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

**(ग):** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीए और एफडब्ल्यू) द्वारा मूल्यांकन के अनुसार, केवल खरीफ 2025 मौसम के लिए हरियाणा राज्य में डीएपी की आवश्यकता 2.83 लाख टन है।

**(घ):** नीचे दी गई तालिका में दी गई जानकारी के अनुसार, चालू खरीफ-2025 मौसम के दौरान, दिनांक 01.04.2025 से 30.07.2025 तक हरियाणा राज्य में डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की उपलब्धता पर्याप्त रही है:

**(मात्रा लाख टन में)**

| **क्र. सं.** | **उत्पाद समूह** | **आनुपातिक आवश्यकता** | **उपलब्धता** | **डीबीटी विक्रय** | **दिनांक 30.07.2025 को समापन स्टॉक** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएपी | 1.57 | 1.59 | 1.26 | 0.33 |

*****